**दिनांक 27.01.2020 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुई मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की परीक्षा समिति की ग्यारहवीं बैठक की कार्यवृत्त :-**

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की ग्यारहवीं बैठक में निम्न द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री निवास सिंह, कुलपति<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डा0 ए0 के0 सिंह, परीक्षा नियंत्रक<br>राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल | वाह्य सदस्य |
| 3. | प्रो0 डी0 के0 सिंह, अधिष्ठाता संकाय मामलें<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य (अधिष्ठाता) |
| 4. | प्रो0 डी0 के0 द्विवेदी, अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन एव उद्यमिता<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य (अधिष्ठाता) |
| 5. | प्रो0 सुनील कुमार श्रीवास्तव, नियोजन, श्रोत जनन व एल्युमिनी संबंध<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य (अधिष्ठाता) |
| 6. | प्रो0 राकेश कुमार, अधिष्ठाता, छात्र मामलें<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य (अधिष्ठाता) |
| 7. | डा0 ए0के0पान्डेय आचार्य, विद्युत अभि0 विभाग<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य (मनोनीत) |
| 8. | श्री रामदुलार विभाग सह आचार्य, जनपदीय अभि0<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सदस्य (मनोनीत) |
| 9. | डा0 जीऊत सिंह, कुलसचिव<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | विशेष आमंत्रित |
| 10. | श्री एस0एन0 चौधरी, अपर परीक्षा नियंत्रक<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | विशेष आमंत्रित |
| 11. | प्रो0 ए0 एन0 तिवारी, परीक्षा नियंत्रक<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर | सचिव/सदस्य |

विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति के सदस्य प्रो0 जे0 पी0 पान्डेय, निदेशक के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर एवं प्रो0 के0जी0 उपाध्याय, अधिष्ठाता, परास्नातक अध्ययन एवं शोध व विकास किन्हीं कारणों से बैठक में प्रतिभाग नही कर सकें।

AN Tiwari
27.01.2020

## बैठक की कार्यवृत्ति

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा नये सदस्यों डा0 ए0 के0 सिंह, परीक्षा नियंत्रक राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल, प्रो0 ए0 एन0 तिवारी, परीक्षा नियंत्रक, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं श्री रामदुलार विभाग सह आचार्य, जनपदीय अभि0 का स्वागत किया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न पहलुओं एवं प्रगति गतिविधियों से सदस्यो को अवगत कराया गया।

11.01 **विश्वविद्यालय की दिनांक 29 जुलाई, 2019 को सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की दशम् बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा दिनांक **29 जुलाई, 2019** को सम्पन्न हुयी परीक्षा समिति की **दशम्** बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि की गयी।

11.02 **परीक्षा समिति की दिनांक 29 जुलाई, 2019 को सम्पन्न हुई दशम् बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परीक्षा समिति दिनांक **29 जुलाई, 2019** को सम्पन्न दशम् बैठक में लिए गये निर्णयों के सन्दर्भ में कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई।

11.03 **विश्वविद्यालय की परीक्षा की प्रगति आख्या।**

परीक्षा समिति द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षिक सत्र 2019-2020 आड सेमेस्टर में अब तक सम्पन्न हुयी परीक्षाओं व अन्य वांछित गतिविधियों की प्रगति आख्या का अवलोकन किया गया तथा परीक्षाओं के सफलतापूर्वक आयोजन किये जाने पर समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

11.04 **विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई गई परीक्षा सत्र 2019- 2020 के परीक्षाफल की सूचना एवं विश्लेषण।**

समिति द्वारा परीक्षाफल के विश्लेषण का अवलोकन किया गया एवं निम्न सुझाव दिये गयेः-

- परीक्षफल के विश्लेषण को तैयार करते समय अनुपस्थित छात्रों के अंक शून्य प्रदर्शित न किया जाय। अनुपस्थित छात्रों का डाटा हटाकर परीक्षाफल के विश्लेषण का Standard Deviation तैयार किया जाय तथा अनुपस्थित छात्रों के डाटा को अलग कालम में प्रदर्शित किया जाय।
- परीक्षाफल के विषयवार विश्लेषण को सभी विभागाध्यक्षों को आकलन हेतु प्रेषित कर दिया जाय।

11.05 **विश्वविद्यालय की सत्र 2019-2020 इवेन सेमेस्टर की Minor Test/Mid Term की परीक्षा दिनांक 16.02.2020 से 22.02.2020 के मध्य आयोजित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2019-2020 इवेन सेमेस्टर की Minor Test/Mid Term की परीक्षा दिनांक 16.02.2020 से 22.02.2020 के मध्य कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा समिति द्वारा यह संस्तुति की गयी कि भविष्य में यदि परीक्षा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त ही परिवर्तन किया जायेगा।

Tiwari
27.01.2020

11.06 **विश्वविद्यालय की सत्र 2019-2020 इवेन सेमेस्टर की Major Theory की परीक्षा दिनांक 19.04.2020 से 02.05.2020 के मध्य आयोजित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2019-2020 इवेन सेमेस्टर की **Major Theory** की परीक्षा दिनांक 19.04.2020 से 02.05.2020 के मध्य कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा समिति द्वारा यह संस्तुति की गयी कि भविष्य में यदि परीक्षा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोनरान्त ही परिवर्तन किया जायेगा।

11.07 **विश्वविद्यालय की सत्र 2019-2020 इवेन सेमेस्टर की Practical की परीक्षा दिनांक 03.05.2020 से 07.05.2020 के मध्य आयोजित किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के सत्र 2019-2020 इवेन सेमेस्टर की Practical की परीक्षा दिनांक 03.05.2020 से 07.05.20520 के मध्य कराये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा समिति द्वारा यह संस्तुति की गयी कि भविष्य में यदि परीक्षा कार्यक्रम में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोनरान्त ही परिवर्तन किया जायेगा।

11.08 **विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन कराई गई सत्र 2018-2019 (इवेन सेमेस्टर) माईनर/मेजर परीक्षा में अनुचित साधन (UFM) के प्रयोग में पकड़े गये छात्रों के सम्बन्ध में लिए गए निर्णयों की सूचना।**

समिति द्वारा 2019-2020 की आड सेमेस्टर की परीक्षा में जिन छात्रों को अनुचित साधन प्रयोग में पकड़ा गया था उनके सम्बन्ध में यू0एफ0एम0 समिति द्वारा लिये गये निर्णयों का अवलोकन किया गया तथा निम्न सुझाव दिये गयें:-

- परीक्षा प्रारम्भ होन के ठीक पूर्व समस्त वाशरूमों से नकल करने योग्य अनधिकृत समाग्री को हटाने की समुचित व्यवस्था की जाय।
- परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व कक्ष निरिक्षकों द्वारा घोषणा कि जाय जिससे परीक्षार्थी सुनिश्चत कर ले कि उनके पास मोबाईल फोन या कोई भी अन्य अनाधिकृत समाग्री न हों।

बैंठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी ।

Tiwari
27.01.2020
( प्रो0 ए0एन0 तिवारी)
सदस्य/सचिव, परीक्षा समिति एवं
परीक्षा नियन्त्रक, म0मो0मा0 प्रौ0वि0 गोरखपुर

अनुमोदित

( प्रो0 श्रीनिवास सिंह )
अध्यक्ष, परीक्षा समिति एवं म0मो0मा0 प्रौ0वि0
गोरखपुर